खबर संक्षेप

### 9 अप्रैल को बिलासपुर में मजदूर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन



**शहडोल।** रेलवे की तानाशाही और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। आगामी 9 अप्रैल 2026 को बिलासपुर में आयोजित होने वाली एनएफआईआर की महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए शहडोल शाखा ने अपनी कमर कस ली है। मंगलवार को शहडोल कार्यालय में आयोजित विशेष बैठक में सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव ने हुंकार भरते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शहडोल से 150 रेल कर्मचारियों का जत्था हर हाल में बिलासपुर पहुंचेगा। जोनल अध्यक्ष डी.के. स्वाइन और महामंत्री पीताम्बर लक्ष्मीनारायण के मार्गदर्शन में बुलाई गई इस बैठक में पदाधिकारियों को दो-टूक शब्दों में उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। शाखा संरक्षक एच.आर. शर्मा, अध्यक्ष प्रभाष कुमार और सचिव बालकृष्ण बंगारी की मौजूदगी में हुई इस बैठक का लहजा सख्त था, हक मांगेंगे नहीं, छीनेंगे! कार्यकारी अध्यक्ष हरीश सिंह सहित पूरी टीम अब मैदान में है। साफ है कि 9 अप्रैल को बिलासपुर की धरती पर होने वाला यह महाकुंभ रेल प्रशासन की चूलें हिलाने के लिए तैयार है।

### भक्ति और भव्यता का संगमः उमड़ेगा जनसैलाब

**बुढ़ार/ धनपुरी।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में बुढ़ार-धनपुरी क्षेत्र में कल एक अत्यंत भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया है तथा युवाओं, श्रद्धालुओं और मातृशक्ति में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर 03 बजे श्रीराम जानकी मंदिर, बुढ़ार से विधिवत पूजन-अर्चन एवं मंगलाचरण के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात यह शोभायात्रा बुढ़ार से प्रारंभ होकर धनपुरी क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौक-चौराहों से गुजरते हुए निर्धारित स्थलों तक पहुंचेगी। एवं यात्रा राधाकृष्ण मंदिर पहुंचने के बाद श्री हनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति के साथ पैदल यात्रा में परिवर्तित होकर संपूर्ण धनपुरी नगर भ्रमण करेगी। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, पुष्पवर्षा एवं सेवा कार्य किए जाएंगे।

### प्रस्फुटन समिति द्वारा प्याऊ का शुभारंभ



**शहडोल।** म.प्र. जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार एवं नवांकुर संस्था स्वामी विवेकानन्द सेवा समिति बांसा सेक्टर 05 टिहकी, विकास खंड जयसिंहनगर के मार्गदर्शन में 31 मार्च को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करकी द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए जनसेवा के उद्देश्य से प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस पुनीत कार्य के माध्यम से राहगीरों एवं ग्रामीणों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक ऋत्विक दास मिश्रा एवं स्वामी विवेकानन्द सेवा समिति बांसा सेक्टर 05 टिहकी के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, पूर्व मंडल महामंत्री भाजपा मंडल करकी विवेकानंद तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करकी के अध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ला, सचिव एवं समिति के अन्य सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समिति द्वारा इस पहल को जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर करने का संकल्प लिया गया।

## अमलाई-बुढार मुख्य मार्ग पर अधूरा ओवरब्रिज, रोज हो रही दुर्घटनाएं

# ठेकेदार की लापरवाही बनी जानलेवा



अमलाई से बुढ़ार जाने वाले व्यस्ततम मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का अधूरा निर्माण अब लोगों की जान के लिए खतरा बन गया है। बीते एक साल से चल रहे इस काम में ठेकेदार की लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। न तो उचित संकेतक लगाए गए हैं और न ही रात्रि में प्रकाश व्यवस्था की गई है, जिससे आमजन भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

**शहडोल।** अमलाई-बुढार मुख्य मार्ग, जो कोयलांचल क्षेत्र की जीवनरेखा माना जाता है, इन दिनों अव्यवस्था और लापरवाही का प्रतीक बन चुका है। नगर परिषद बकहो क्षेत्र में धनपुरी को जोडऩे वाले रेलवे फाटक (अमर डंडी) के ऊपर बन रहा रेलवे ओवरब्रिज पिछले एक वर्ष से अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य की धीमी गति और ठेकेदार की लापरवाही ने इस मार्ग को दुर्घटनाओं का अड्डा बना दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के कोई मानक नहीं अपनाए गए हैं। कहीं भी चेतावनी बोर्ड, डायवर्सन संकेतक या रेडियम युक्त दिशा सूचक नहीं लगाए गए हैं। विशेष रूप से रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि न तो पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था है और न ही कोई अस्थायी सुरक्षा प्रबंध। ऐसे में अनजान वाहन चालक सीधे निर्माणाधीन क्षेत्र में पहुंच जाते हैं, जिससे हादसे होना आम बात हो गई है।

### दुर्घटनाओं की आशंका

यह मार्ग न केवल अमलाई और बुढार को जोड़ता है, बल्कि धनपुरी, संजय नगर, अमलाई देवरा और आस-पास के दर्जनों गांवों को भी सीधे जोडऩे वाला प्रमुख रास्ता है। इसी रास्ते से लोग एसईसीएल मुख्यालय, स्टेट बैंक धनपुरी, केंद्रीय चिकित्सालय, एमजीएम विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंचते हैं। बावजूद इसके, इस मार्ग की स्थिति को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। रेलवे ओवरब्रिज का दूसरा हिस्सा, जो धनपुरी और अप्लाई क्षेत्र को जोड़ता है, वहां की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। लगभग एक साल तक बंद रहने के बाद जब मार्ग को खोला गया, तो वहां मिट्टी, गिट्टी और गहरे गड्ढों ने रास्ते को और अधिक खतरनाक बना दिया। वाहन चालकों को उबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है।




### जनप्रतिनिधियों ने साध रखी है चुप्पी

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई दुर्घटना होती है और इसकी शिकायत थाना या रेलवे विभाग में की जाती है, तो सुनवाई नहीं होती। लोक निर्माण विभाग के सेतु विभाग और रेलवे की निगरानी में चल रहे इस कार्य में जवाबदेही पूरी तरह से गायब नजर आ रही है। गौरतलब है कि यह क्षेत्र दो प्रशासनिक इकाइयों के बीच आता है, एक ओर धनपुरी नगर पालिका और दूसरी ओर नगर परिषद बकहो। बावजूद इसके, दोनों ही क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस गंभीर समस्या पर मौन साधे हुए हैं। जनता का आरोप है कि चुनाव के समय वादे करने वाले जनप्रतिनिधि अब पूरी तरह चुप्पी साधे बैठे हैं।

### जल्द ओव्हर ब्रिज निर्माण की मांग

ठेकेदार पर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि उसने आस-पास के क्षेत्रों से अवैध रूप से मिट्टी, रेत और गिट्टी का भंडारण किया है। हालांकि यह जांच का विषय है, लेकिन सबसे बड़ी चिंता आम लोगों की सुरक्षा को लेकर है, जो रोज इस मार्ग से गुजरते हैं और अपनी जान जोखिम में डालते हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय से कार्य अधूरा होने के बावजूद न तो कार्य की समयसीमा तय की गई है और न ही ठेकेदार पर कोई सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ओवरब्रिज का निर्माण पूरा किया जाए, उचित संकेतक और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा ठेकेदार की लापरवाही पर कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह मार्ग और भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। फिलहाल, अमलाई-बुढार मार्ग पर सफर करना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं है।

## सजा-ए-उम्र सुनते ही पॉक्सो के आरोपी ने रेता अपना गला, सुरक्षा घेरे में बड़ी सेंध!

**शहडोल।** जिला जेल की चारदीवारी के भीतर बुधवार की सुबह उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक कुख्यात मुजरिम ने खुदकुशी की खौफनाक कोशिश की। ताउम्र सलाखों के पीछे रहने की सजा सुनते ही कैदी पंकज कटारे का मानसिक संतुलन डगमगा गया और उसने टीन के नुकीले टुकड़े से अपना ही गला रेत डाला। लहूलुहान हालत में जेल प्रहरी उसे लेकर जिला अस्पताल भागे, जहां सर्जन डॉ. अपूर्व पांडे ने कैदी के गले पर टांके लगाकर उसे मौत के मुंह से बाहर निकाला।

### सजा सुनते ही उड़े होश, बैरक में बहा खून

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को माननीय न्यायालय ने छात्रा से दुष्कर्म के संगीन मामले में पंकज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कोर्ट के इस फैसले ने दरिंदे की रूह कपा दी। बुधवार सुबह जब वार्ड खोलने की बारी आई, तो प्रहरियों की नजर चादर पर पड़ी खून की बूंदों पर पड़ी। पास जाकर देखा तो मंजर रोंगटे खड़े करने वाला था; पंकज टीन के एक छोटे लेकिन धारदार टुकड़े से अपने गले को आरी की तरह चला रहा था।

### जेल से छूटते ही फिर किया था कांड

पंकज कटारे कोई मामूली अपराधी नहीं है। वह पहले भी दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद काट चुका है। महज एक साल पहले जेल से बाहर आते ही उसने पांडव नगर क्षेत्र में एक छात्रा को अपनी हवस का शिकार बनाया था। जेलर सुनील बैशवाड़े के मुताबिक, पिछले एक साल से न तो कोई परिजन उससे मिलने आया और न ही किसी ने उसका केस लड़ा। अकेलेपन और उम्रकैद के खौफ ने उसे इस आत्मघाती कदम की ओर धकेल दिया।

### जेल के अंदर कहां से आया हथियार

इस घटना ने जेल प्रशासन की मुस्तैदी पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैरक के भीतर कैदी के पास टीन का धारदार टुकड़ा पहुंचना सुरक्षा में बड़ी लापरवाही की ओर इशारा करता है। फिलहाल कैदी की हालत खतरे से बाहर है और उसे गुरुवार तक अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है, लेकिन इस खूनी ड्रामे ने जेल प्रबंधन की नींद उड़ा दी है।

## सिंहपुर में पहली बार रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट, 32 टीमें लेंगी भाग



**शहडोल।** जिले के सिंहपुर क्षेत्र में आजाद क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में पहली बार रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 01 अप्रैल से होगा, जबकि समापन 15 अप्रैल को निर्धारित किया गया है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इस टूर्नामेंट में आसपास की ग्राम पंचायतों की कुल 32 टीमें भाग लेंगी, जिससे प्रतियोगिता और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। आयोजकों के अनुसार, रात्रिकालीन व्यवस्था के तहत मैचों का आयोजन किया जाएगा, जिससे दर्शकों को भी विशेष अनुभव मिलेगा। आयोजन समिति में दीपेश तिवारी (मोटी) मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा सिंहपुर, सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रकाश तिवारी, मोहम्मद असरफ, सचिन तिवारी, मोहम्मद इबरार, भरत शर्मा सहित कई युवा सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंहपुर में इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है, जिससे खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिलेगा और क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

## हनुमान जयंती पर मंदिरों में विविध कार्यक्रम

### मानस पाठ, महाआरती व विशाल भण्डारे हो रहे



**शहडोल।** हनुमान जयंती के अवसर पर 2 अप्रैल को हर्षोल्लास व धूमधाम से हनुमान लला का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर पुराने बस स्टैण्ड स्थित हनुमान मंदिर व घरौलानाथ जी हनुमान मंदिर आदि प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिरों में एक दिन पूर्व 1 अप्रैल से मानस पाठ व अखण्ड रामायण का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है।

### ऐसे मनाएंगे प्रभु का जन्मोत्सव

पुराने बस स्टैण्ड स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमान जयंती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी पं. त्रिभुवन पाण्डेय ने बताया कि 1 अप्रैल सुबह 10 बजे से मानस पाठ प्रारंभ कर दिया गया है। 2 अप्रैल को सुबह 11 बजे से हवन होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे हनुमंत लाल का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। दोपहर 2 बजे से भण्डारा प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रमों का समग्र आयोजन समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव व उपाध्यक्ष रंजय सिंह के मार्गदर्शन तथा देखरेख में किया जा रहा है।

### अभिषेक, वंदन और बधाई गीत

घरौला मुहल्ला स्थित प्रसिद्ध श्री घरौलानाथ जी हनुमान मंदिर में राम भक्त हनुमंत लला का हर्षोल्लास व भक्ति भाव से जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी पं. नीलू महराज ने बताया कि प्रातः सूर्योदय बेला में भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर का पट बंद कर भगवान बजरंग बली का दूध से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद आरती वंदन कर पट खोल दिया जाएगा। भगवान के जन्मोत्सव पर मंगल गान व बधाई गीत गाए जाएंगे। दोपहर 2 बजे से भण्डारा, शाम 7 बजे भजन संध्या होगी और रात 9 बजे महाआरती की जाएगी।

## ब्योहारी में बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** जिले के ब्योहारी में बढ़ती महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की कमी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि और बिजली बिलों में बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।ज्ञापन में बताया गया कि मध्य प्रदेश में आम जनता महंगाई की दोहरी मार झेल रही है। एक ओर गैस सिलेंडर की भारी कमी और कीमतों में वृद्धि से घरों का बजट बिगड़ गया है, वहीं पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढऩे से परिवहन और दैनिक जीवन पर सीधा असर पड़ रहा है। इसके साथ ही बिजली बिलों में की गई बढ़ोतरी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी 'पिंटू' के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में मांग की गई कि बिजली बिलों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही गैस सिलेंडर के दाम कम करने और उसकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में कालाबाजारी बढ़ रही है, जिससे आम लोगों को उचित दाम पर जरूरी वस्तुएं नहीं मिल पा रही हैं। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया गया कि आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महंगाई पर नियंत्रण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस दौरान कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नेता उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई और जनता को राहत देने की मांग दोहराई।

## हनुमान जन्मोत्सव पर अमलाई में उमड़ेगा आस्था का जन सैलाब

### चीनी मित्र मंडली के नेतृत्व में ऐतिहासिक शोभा यात्रा का होगा आगाज

**अमलाई।** 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर अमलाई नगर भक्ति, उत्साह और श्रद्धा के रंग में डूबा नजर आएगा। पवन चीनी मित्र मंडली के नेतृत्व में आयोजित होने वाली भव्य और ऐतिहासिक शोभा यात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद एवं समाजसेवी पवन कुमार चीनी के मार्गदर्शन में इस आयोजन को विशेष रूप से भव्य बनाने की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। शोभा यात्रा शाम 4 बजे शिव मंदिर बस स्टैंड अमलाई से प्रारंभ होकर डोगरिया टोला स्थित सिद्ध बाबा धाम तक पहुंचेगी। पूरे मार्ग को आकर्षक सजावट, झंडे, बैनर और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है, जिससे नगर में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। यात्रा में आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े और धार्मिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र



रहेंगी, वहीं युवाओं में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।इसी क्रम में डोगरिया टोला स्थित सिद्ध बाबा धाम में भी हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य एवं विराट आयोजन किया जाएगा। यहां विराजमान 11 मुखी हनुमान जी की विशेष महिमा बताई जा रही है, जिन्हें मध्य प्रदेश में अद्वितीय माना जा रहा है। पहाड़ी पर स्थित इस स्थल तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा बनाए गए सुगम मार्ग और सीढ़ियां श्रद्धालुओं के लिए सुविधा प्रदान कर रही हैं। प्राकृतिक सुंदरता से घिरे इस धाम में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है।जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भव्य भंडारे और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां दर्शन करने से मन को अद्भुत शांति और सुकून प्राप्त होता है। आने वाले समय में यह स्थल एक प्रमुख धार्मिक एवं संभावित पर्यटन केंद्र के रूप में भी विकसित हो सकता है।पार्षद एवं समाजसेवी पवन कुमार चीनी ने कहा कि यह आयोजन अमलाई के लिए एक मिसाल बनेगा और नगर को एक नई पहचान दिलाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को भव्य, अनुशासित और सुरक्षित रूप से संपन्न कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन द्वारा भी भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।हनुमान जन्मोत्सव के इस अवसर पर अमलाई एक बार फिर आस्था, एकता और भक्ति का संदेश देता नजर आएगा, जहां जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहेगा। जिसमें समस्त अमलाई नगर वासियों का सहयोग अति आवश्यक है।

## खाकी का गौरव बढ़ाकर सेवानिवृत्त हुए शहडोल के 4 जांबाज



**शहडोल।** पुलिस विभाग में दशकों तक अनुशासन की इबारत लिखने वाले चार जांबाज पुलिस अधिकारियों को शनिवार को शहडोल पुलिस कंट्रोल रूम में भावभीनी विदाई दी गई। यह विदाई महज एक रस्म नहीं, बल्कि उन कंधों का सम्मान था जिन्होंने जनता की सुरक्षा के लिए अपनी पूरी जवानी खपा दी। अपने सेवाकाल को यादगार बनाकर सेवानिवृत्त होने वालों में कार्य निरीक्षक मुन्नालाल राहंगडाले, कार्य. उपनिरीक्षक मवासी सिंह, कार्य. उपनिरीक्षक सूर्यप्रताप सिंह और कार्य. प्रधान आरक्षक राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय शामिल रहे।

**युवा खाकी इनसे सीखे अनुशासन**

समारोह की कमान संभालते हुए पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने चारों अधिकारियों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर विदा किया। एसपी ने अपने संबोधन में सख्त लहजे में कहा कि इन अधिकारियों का समर्पण विभाग के उन युवाओं के लिए आईना है जो पुलिस की नौकरी को महज ड्यूटी समझते हैं। अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा क्या होती है, यह इन सेवानिवृत्त होने वाले साथियों के बेदाग करियर से सीखा जा सकता है। विदाई के इस क्षण में सहकर्मियों की आंखें भी नम दिखीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इन रिटायर्ड सिंघमों के स्वस्थ और मंगलमय भविष्य की कामना की। शहडोल पुलिस के लिए इन अनुभवी हाथों का जाना एक बड़ी रिक्तता है, जिसे भरना नए रंगरूटों के लिए एक चुनौती होगा।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने प्रवेश उत्सव शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



उमरिया। स्कूल चले हम अभियान के तहत पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रवेश उत्सव शिक्षा रथ को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । रथ के माध्यम से आवासीय छात्रावासों मे उपलब्ध सुविधाओं,विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं,दिव्यांग बच्चों को शासन व्दारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से आम जनों को अवगत कराया जाएगा तथा बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जूनियर रेडक्रास सोसायटी अध्यक्ष मान सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी, डीपीसी के के डेहरिया सहित शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## कृष्णताल ग्राउण्ड में एस्ट्रोटर्फ के लिए 13 करोड़ 26 लाख रुपए कि राशि स्वीकृत



उमरिया। जिले के हॉ की खिलाडियों के लिए कृष्णताल ग्राउण्ड में एस्ट्रोटर्फ के लिए 13 करोड 26 लाख रूपये कि राशि स्वीकृत कर दी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीता राम सत्या ने बताया कि कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी के मार्गदर्शन में कृष्णताल ग्राउण्ड में एस्ट्रोटर्फ के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। उन्होने बताया कि शासन द्वारा 31 मार्च को एस्ट्रोटर्फ के लिए 13 करोड 26 लाख रूपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है। एस्ट्रोटर्फ बनने के उपरांत जिले के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन देश,प्रदेश तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकेंगे।

## आंग लगने से पूरी तरह जल गई कार

**कोतमा।** थाना अंतर्गत एवं वन परिक्षेत्र बिजुरी अंतर्गत रेउसा गांव के आगे दुल्हीबांध जाने वाले रास्ते मे वासिन टोला गांव से लगे जंगल मे एक सफेद रंग की कार मे आंग लगने से कार पूरी तरह जल गई कार की सिर्फ बॉडी नजर आ रही है। घटना के बारे में वन विभाग के सत्यनारायण उपाध्याय ने बताया कि बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने उन्हें फोन किया कि जंगल में एक सफेद रंग की कार आग से जल गई है। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया तो कर बुरी तरह से जल चुकी थी आसपास कोई नजर नहीं आ रहा था ना तो कार मलिक का पता चल रहा था कार में आग कब और कैसे लगी यह अभी पता नहीं चल पाया है उनके द्वारा तत्काल घटना की जानकारी डायल 112 एवं कोतमा थाने में दी गई है पुलिस मौके पर पहुंचकर विवेचना में जुट गई है।

## उत्कृष्ट विद्यालय कोतमा में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम

**कोतमा।** 1 अप्रैल बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, पार्षद अभिषेक सराफ, राजेंद्र सोनी, विशिष्ट अतिथि के रूप में कोतमा अनुविभागीय अधिकारी सतीश वर्मा, तहसीलदार दशरथ सिंह, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरके मिश्रा के साथ साथ स्टाफ के सभी सदस्य, एसएमडीसी के सदस्य, अभिभावक और संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष मंचासीन अतिथियों द्वारा एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के संबंध में उद्बोधन दिए गए विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया एवं जीवन में शिक्षा का महत्व बताया गया एवं शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली योजनाओं के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को निः शुल्क पुस्तक वितरण करते हुए पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल भी वितरित की गई।

### हर बच्चे को स्कूल से जोडना ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहली शर्तः सीईओ

# बच्चे देश की तकदीर हैं, उन्हें संवारना हम सबकी जिम्मेदारीः कलेक्टर







### प्रवेशोत्सव के साथ 'स्कूल चले हम' अभियान का आगाज,1097 स्कूलों में हुआ आयोजन

उमरिया। जिले में स्कूल चले हम अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि बच्चे देश की तकदीर एवं तस्वीर हैं, जिन्हें शिक्षक और समाज मिलकर संवारते हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हर स्कूल जाने योग्य बच्चे तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करना, उसके भविष्य को सशक्त बनाना तथा उसे राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना है।


उन्होंने जानकारी दी कि यह अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण (1 अप्रैल) में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, दूसरे चरण (2 अप्रैल) में पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियाँ, शासकीय योजनाओं की जानकारी, तथा कक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के पुनः प्रवेश हेतु प्रेरणा तथा शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, अंतिम एवं तीसरे चरण (4 अप्रैल) में भविष्य से भेंट कार्यक्रम, जिसमें अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और उन्हें उपयोगी सामग्री भेंट करेंगे। कलेक्टर ने शिक्षकों से समर्पण भाव से शिक्षा देने तथा अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन और व्यक्तित्व का विकास शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, गणवेश, साइकिल, छात्रावास, आश्रम एवं छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने शिक्षकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे तथा सभी विद्यालयों में पुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता बनाए रखी जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी आर. एस. मरावी ने बताया कि अभियान का जिलेभर में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है और 1097 विद्यालयों में यह उत्सव मनाया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, स्कूटी एवं लैपटॉप वितरण जैसी योजनाएँ भी संचालित हैं। आधुनिक शिक्षा के लिए कंप्यूटर लैब एवं स्मार्ट क्लास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुस्तकें भेंट कर स्वागत किया गया तथा कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से भी विद्यार्थियों का प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में धनुषधारी सिंह, जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष मान सिंह, डीपीसी के.के.डेहरिया, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रगान,राष्ट्रगीत के गायन के साथ की गई शासकीय काम काज की शुरूआत





**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन कि उपस्थिति में संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में माह के प्रथम दिन संगीतमय राष्ट्र गान एवं राष्ट्र गीत के गायन के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## मौत का तांडव: भक्ति के सैलाब के बीच थमीं काली की सांसें



**उमरिया।** भक्ति का उल्लास कब चीख-पुकार में बदल जाएगा, यह किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था। जनपद पंचायत करकेली के ग्राम पठारी में सोमवार को आस्था के मंच पर एक ऐसा हृदयविदारक मंजर दिखा, जिसने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। जवारा विसर्जन के दौरान मां काली का रूप धरकर नृत्य कर रहे 40 वर्षीय रामगरीब कोल की मंच पर ही हृदयाघात (हार्ट अटैक) से मौत हो गई।

### अभिनय समझा, पर निकल गए प्राण

चैत्र नवरात्रि के समापन पर गांव में कलश विसर्जन का जुलूस निकला था। बैंड-बाजे की धुन पर रामगरीब कोल अपने पारंपरिक रौद्र रूप में काली नृत्य कर रहे थे। भक्ति के चरम पर पहुंचे रामगरीब के पैरों की थाप और चेहरे के हाव-भाव देखकर ग्रामीण भाव-विभोर थे। तभी अचानक नृत्य करते-करते रामगरीब लड़खड़ाए और जमीन पर गिर पड़े। वहां मौजूद भीड़ इसे काली का चमत्कार या अभिनय का हिस्सा समझती रही, लेकिन जब शरीर में हलचल बंद हुई तो सन्नाटा पसर गया। लोग मंच की ओर दौड़े, उन्हें उठाने की कोशिश की गई, अस्पताल पहुंचने से पहले ही रामगरीब ने दम तोड़ दिया।

### वायरल वीडियो ने बढ़ाया गम का गुबार

मंगलवार शाम को इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह एक कलाकार अपनी कला और भक्ति के प्रति समर्पित रहते हुए काल के गाल में समा गया। रामगरीब केवल एक ग्रामीण नहीं, बल्कि पठारी की धार्मिक परंपराओं की जान थे। उनके जाने से न केवल एक परिवार उजड़ा है, बल्कि गांव की वर्षों पुरानी रौनक भी छिन गई है।

### भक्तिमय माहौल में पसरा सन्नाटा

जिस जवारा विसर्जन में जयकारे गूंज रहे थे, वहां अब केवल सिसकियों की आवाज है। डॉक्टरों के अनुसार, अत्यधिक शारीरिक श्रम और गर्मी के बीच अचानक आए कार्डियक अरेस्ट ने कलाकार की जान ले ली। इस घटना ने प्रशासनिक दावों और मेलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी पर भी तीखे सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर एक होनहार कलाकार को वक्त पर प्राथमिक चिकित्सा क्यों नहीं मिल सकी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पटपरा में किया गया बोरीबंधान



**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।अभियान के तहत नदियों में बोरी बंधान किया जा रहा है तथा जल को संरक्षित करने का संदेश दिया जा रहा है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में कृषि विभाग व्दारा करकेली विकासखंड के ग्राम पटपरा में बोरी बंधान का कार्य किया गया। बोरी बंधान हो जाने पर संचित जल मवेशियों सहित ग्रामीणों के काम आएगा तथा स्थानीय जल स्तर में भी सुधार होगा। इस अवसर पर सरपंच एवं ग्राम के किसान तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया दीवार लेखन



**उमरिया।** जल की एक एक बूंद को संरक्षित करने के उद्देश्य से मप्र सरकार व्दारा जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिले में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में विभागो द्वारा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए आम जनों को जल के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला के निर्देशन में ग्राम पंचायत घंघरी में दीवार लेखन का कार्य किया गया व पानी की बूंद बूंद बचाने के लिए ग्राम में जनजागरुकता का कार्य किए गए। इस अवसर पर सेक्टर 3 परामर्शदाता श्रीमती जयभारती साहू व एमएसडब्ल्यू छात्र छात्राएं कुमकुम तिवारी,पवन साहू उपस्थित रहे ।

## राजनगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को राजीव गांधी भवन सभागार नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में बैठक की गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल राजनगर के मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी तथा मंडल राजनगर के प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह परिहार पूर्व जिला उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में तथा विशिष्ट अतिथी डॉ. मदन त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष, विनोद केवट जिला उपाध्यक्ष, यशवंत सिंह (अध्यक्ष) नगर परिषद बनगवां (राजनगर), धर्मेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा इस कार्यक्रम में उपस्थित हुवे। इस बैठक में आगामी तीन एवं चार अप्रैल को मंडल राजनगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान की शुरुआत होनी है। जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन सचिन द्विवेदी मंडल महामंत्री द्वारा किया गया। मंडल राजनगर के प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे भारत वर्ष में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा पर आधारित यह प्रशिक्षण महा अभियान है। प्रत्येक मंडल कि तरह राजनगर मंडल में भी यह होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र के प्रभारी, बुथ प्रभारी, बीएलओ 2, महामंत्री, तथा मंडल कार्यकारिणी की समस्त पदाधिकारी तथा वरिष्ठ एवं पूर्व सभी पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। यह प्रशिक्षण वर्ग 24 घंटे का रहेगा। जिसमें आठ सत्र चलेंगे। जिसके पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान कर संगठन को मजबूत किया जायेगा। इस कार्यक्रम अतिथि के रूप में डां. मदन त्रिपाठी उपाध्यक्ष ने दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग अभियान का मुख्य उद्धेश्य बताया गया, कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता वैचारिक और तकनीक रूप से मजबूत होंगे। संगठन को बहु स्तर तक सक्रिय बनाया जाएगा। सरकार के सभी योजनाओं को जनता तक प्रभावित तरीके से पहुंचाया जाएगा। चुनाव और जनसंपर्क के लिए रणनीति तैयार किया जाएगा। अगले क्रम में कार्यक्रम के अतिथि विनोद केवट द्वारा राजनगर मंडल में सभी शक्ति केंद्र तथा बूथ लेवल के बारे में जानकारी ली गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाअभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। तथा इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सभी कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने और इस कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सभी पूर्व जी महाराज जी एंव वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को आने का आग्रह किया। भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर के द्वारा नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाअभियान के बैठक में राजनगर मंडल के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी, महिला शक्ति, जेस्ट श्रेष्ट कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थिति हुवे। राजनगर मंडल के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारीयों का परिचय हुआ। इस कार्यक्रम में आये अतिथियों द्वारा राजनगर मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयों को संगठन के दिये गये दायित्वों कि शुभकामनाएं दी गयी। कार्यक्रम के अंत में अरविंद सिंह परिहार उपाध्यक्ष द्वारा आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवमूरत केवट, सुनील गुप्ता, पुष्पराज सिंह, दुलीचंद धनवार, नारायण साहू, हरिलाल साकेत, मनीष शुक्ला, पार्षद प्रमोद शुक्ला, गिरिजा विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेता देवनाथ त्रिपाठी, सच्चिदानंद सिंह, मोहम्मद हसनैन, अजय सिंह, सोनू कनौजिया, कमलेश साहू, पंकज कुमार शर्मा, राजकुमार, रामचरण केवट, रविदास चौधरी, मोतीलाल केवट, आलोक सिंह, अंकित मिश्रा, राधेश्याम केवट, बृजेश कुमार, गोपाल चौधरी, दया निधान केवट, महिला शक्ति में पुष्पा चतुर्वेदी, पूजा केवट, ललई कोल, पार्वती सिंह, तथा राजनगर मंडल के नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के कार्यक्रम हेतु भवन न दिये जाने पर ब्लॉक अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज़राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के राजीव गांधी भवन को लेकर कांग्रेस के द्वारा पक्षपात का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से जांच की मांग की है। इस संबंध में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सिंह परिहार द्वारा नगर परिषद बनगवां के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया है, कि 29 मार्च को कांग्रेस पार्टी की बैठक के लिए राजीव गांधी भवन मांगा गया था। लेकिन नगर परिषद बनगवां के अध्यक्ष यशवंत सिंह द्वारा यह कहते हुए भवन उपलब्ध नहीं कराया गया। कि भवन में सामान रखा हुआ है। जब कि कार्यकर्ताओं का कहना है, कि भवन पूरी तरह खाली था। कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुसार उन्होंने पहले ही उपाध्यक्ष धनंजय सिंह से चर्चा कर ली थी और उन्होंने बैठक के लिए भवन देने पर सहमति भी जताई थी। इसके बावजूद बैठक से कुछ समय पहले अचानक अध्यक्ष द्वारा भवन देने से मना कर दिया गया। जिससे बैठक का स्थान बदलना पड़ा और कार्यकर्ताओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। वहीं आरोप लगाया गया है, कि 31 मार्च को उसी राजीव भवन को भाजपा पार्टी की बैठक के लिए उपलब्ध करा दिया गया। इसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण कार्रवाई बताया है। ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सिंह परिहार ने प्रशासन से मांग की है, कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और संबंधित जिम्मेदार अध्यक्ष के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में सार्वजनिक भवनों के उपयोग में किसी प्रकार का भेदभाव न हो, इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन दिए जाने के दौरान कांग्रेस के पदाधिकारीयों में राहुल सिंह परिहार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनगर, हरिशंकर दुबे पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, गिरिजेश श्रीवास्तव, जगदीश पटेल, निर्भय नारायण, अशोक जेठानी, राजेश श्रीवास्तव, मुकेश राजभर, पवन सिंह, संतोष सिंह, गोविंद प्रजापति, सिरवन सिंह एवं समस्त कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

इनके द्वारा हमारे कार्यालय को कोई भी लिखित सूचना प्रदान नहीं की गई थी। कांग्रेस के विधायक, जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा हमारे प्रांगण का उपयोग कई बार कर चुके हैं। जिस पर हमारे द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गई थी। वर्तमान में इनके द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूर्णतः निराधार एवं द्वेषपूर्ण हैं।" भाजपा ने जो कार्यक्रम किया था। इसकी लिखित सूचना हमारे कार्यालय को दिया गया था।

**यशवंत सिंह, अध्यक्ष**
**नगर परिषद बनगवां (राजनगर)**

## कोयलांचल में आज धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई जाएगी हनुमान जयंती



**कोतमा।** नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित आसपास के क्षेत्र में आज हनुमान जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। जगह-जगह मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई है श्रृंगार, सुंदरकांड पाठ, हवन, पूजन और बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा, भंडारा प्रसादी का भी आयोजन है। कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 5 जकीरा चौक स्थित हनुमान मंदिर में सुबह 11 बजे से सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा एवं भण्डारा का प्रसाद वितरित किया जायेगा। कोतमा नगर के लहसुई कैंप, थाना परिसर, ठाकुर बाबा धाम, स्टेशन चौक, काली मंदिर, पंचायती मंदिर, शारदा काली मंदिर में भी हनुमान जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। वहीं दैखल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में स्थित सिद्ध बाबा बड़े हनुमान मंदिर सहित मेन टोला, भालूमाड़ा, जमुना कालरी, बदरा, सकोला मे स्थित हनुमान मंदिरों मे सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ हवन होगा जिसमें सभी श्लोक के पाठ के साथ आहुति डाली जाएगी। इसके साथ ही फूलों से मंदिरों को सजाया जा रहा है। बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। महा आरती महा प्रसादी होगी। नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर स्टेशन चौक पोड़ी चोड़ी गांव के पास हनुमान टेकरी पर विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मे अल सुबह अभिषेक किया जाएगा। सुंदरकांड के पाठ के साथ हवन कर विशाल भंडारा होगा। वहीं हनुमान मंदिरों मे सुबह साढ़े 6 बजे जन्मोत्सव आरती होगी। शाम को संध्याकालीन आरती के बाद भंडारा प्रसादी होगी। हनुमान जयंती को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। हनुमान मंदिरों मे सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नगर के ठाकुर बाबा धाम मंदिर से शाम पांच बजे हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के मुख्य मार्गो मे भ्रमण करने के पश्चात वापस ठाकुर बाबा धाम मंदिर पहुंचेगी जहां सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है।हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**कोतमा।** मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर आयोजित शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत गोहांड्रा में 30 मार्च से किया गया, जो 05 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों की समझ विकसित करना, समाज के प्रति जिम्मेदारी एवं सहभागिता की भावना उत्पन्न करना तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है। स्वयंसेवक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को आत्मसात करते हैं। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, विद्युत संरक्षण, कुपोषण, स्वच्छता, शिक्षा, मतदाता जागरूकता, तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर का उद्घाटन 30 मार्च को गोद ग्राम गोहांड्रा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंचायत सचिव चिंतामणि केवट महाविद्यालय से डॉ वीरेंद्र सिंह, डाक्टर राजकुमार रैदास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। चिंतामणि केवट ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास होता है। डॉ. वीरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया साथ समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझने और उसका निर्वहन करने के लिए उत्साहित किया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिव कैलाश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला सिखाता है। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए शिविर की विस्तृत रूपरेखा से सभी स्वयंसेवकों को अवगत कराया। और दैनिक गतिविधियों की जानकारी दी गई जो छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के सामाजिक एवं राष्ट्रीय प्रयोजन से छात्रों को अवगत कराया। उदघाटन सत्र के अंत में सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम अधिकारी वैष्णवी दारको ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और राष्ट्रगान के साथ उदघाटन सत्र संपन्न हुआ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हनुमान प्रकटोत्सव पर होंगे विविध आयोजन

**सिलौंडी।** सिलौंडी के प्रसिद्ध श्री बालाजी दरबार सिलौंडी में 1 अप्रैल, बुधवार को 24 घंटे के अखंड रामचरित मानस पाठ के साथ एक नए उत्साह की शुरुआत होगी। द्वितीय दिवस पर 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान चालीसा, महाआरती, महाभोग के पश्चात हनुमान प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में सायंकाल 4 बजे एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। श्री बालाजी सुंदरकांड समिति सिलौंडी द्वारा आयोजित इस पवित्र आयोजन में समस्त सनातनी समाज को सादर आमंत्रित किया है ।विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्री बालाजी मंदिर की ओर से 2 अप्रैल गुरुवार को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है, श्री बालाजी समिति सभी लोगों बड़ी संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है । सिलौंडी के बड़े हनुमान मंदिर,छोटे हनुमान मंदिर,बाजार मोहल्ले में कुटी ,राम मंदिर वाली कुटी ,पंचमुखी हनुमान मंदिर ,सिहोरा रोड वाले दक्षिण मुखी हमुनान मंदिर , धरमपूरा वाले हनुमान मंदिर में भी हनुमान जयंती पर विशेष पूजन अर्चन का आयोजन होगा ।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से वाहन रैली आज निकलेगी

**कटनी।** दक्षिणमुखी बड़े हनुमान मंदिर के तत्वावधान में हनुमान प्राकट्य महोत्सव के अंतर्गत शहर में आज वाहन रैली निकाली जाएगी। मंदिर समिति के अनुसार रैली मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। रैली में सैकड़ों की संख्या में दोपहिया एवं चारपहिया वाहन शामिल होंगे, जिनमें श्रद्धालु भगवा ध्वज एवं धार्मिक नारों के साथ भाग लेंगे।आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। रैली के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए प्रशासन का सहयोग भी लिया जाएगा।हनुमान प्राकट्य महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में भजन संध्या, महाआरती एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहेगा।

### साइकिल स्टैण्ड कर्मचारी के साथ मारपीट करने पर आरपीएफ कर्मी निलंबित

**कटनी।** साइकिल स्टैण्ड कर्मचारी के साथ मारपीट के मामले में रेलवे सुरक्षा बल के राकेश द्विवेदी को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ जवान राकेश द्विवेदी ने स्टेशन के बाहर स्थित साइकिल स्टैंड के कर्मचारी से खाने-पीने का कुछ सामान मंगवाया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि जवान ने आपा खो दिया और स्टैंड कर्मचारी राहुल यादव व एक अन्य साथी के साथ जमकर मारपीट कर दी। स्टेशन परिसर जैसे व्यस्त इलाके में हुई इस मारपीट से वहां मौजूद लोगों के बीच हड़कंप मच गया और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। आरपीएफ कर्मी की पिटाई से कर्मचारी राहुल यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे तत्काल रात में ही जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ मुख्यालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। राकेश द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन अब मामले की विस्तृत जाँच कर रहा है।

## आम आदमी के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी कांग्रेस- रवि मिश्रा

# कांग्रेस ने बढ़ती मंहगाई को लेकर सौंपा ज्ञापन



जिले के पाली नगर में में बीते दिवस ब्लाक कांग्रेस कमेटी के व्दारा देश में बढ़ती मंहगाई को लेकर मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय आधिकारी पाली को सौपते हुये बढती हुई अत्यावश्यक सामग्रियों के दरों में अंकुश लगाने की मांग की है,।

उमरिया

कांग्रेस ने बकायदा नगर के प्रमुख मार्गों पर एक रैली के रूप में कांग्रेस के पदाधिकारियों का एक जत्था तहसील कार्यालय पहुंच कर अनुविभागीय आधिकारी राजस्व पाली को ज्ञापन सौंपा। देश में लगातार बढती बेतहाशा मंहगाई से देश की जनता के बुरे हाल बने हुए हैं। रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के दाम आज आसमान छूं रहे हैं। देश में बढती गैस की कीमतों ने गरीब आदमी का जीना हराम कर रखा है। सरकार को घेरते हुये कांग्रेस ने कहा की वर्तमान में एक तरफ सरकार दावा करतीं हैं कि देश में गैस की कही कोई कमी नहीं है वही आम लोगों को गैस की भारी किल्लत का सामना करना पड़ता है।आम लोगों की जरूरत की चीजों में आग लगी हुई है।समय पर आवश्यक वस्तुओं के न मिलने से आज लोग फिर से पिछली सदी में जीवन जीने को मजबूर हो गये हैं । आज के ज्ञापन सोपनें समय पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीएल सोनी, पूर्व पार्षद कृष्णकांत अवधिया , वरिष्ठ नेता कांग्रेस नेता रामबिहारी उपाध्याय, वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, दादूराम विश्वकर्मा,साकिर खान , पूर्व पार्षद सिया बाई , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री मती उषा कोल, राजेंद्र सिंह , पार्षद रामजी रौतेल, बलराम प्रजापति,दिलीप त्रिपाठी, विक्की दहिया भोला साहू, लक्ष्मण कुशवाहा,बंटी वर्मा,सनू उपाध्याय, राकेश शुक्ला , बबलू शर्मा, रमेश दाहिया कमल नारायण सिंह, दिलीप महोबिया,अंकित मिश्रा, रामसिंह बघेल , रजनीश तिवारी, सानवेन्द्र सिंह, अनिल यादव, रवि प्रजापति, सुनील साहू , अभ्युदय सिंह, चंद्रभान सिंह साजिद वारसी, जावेद खान, बाबू सिंह गौरव अग्रवाल, विकास सोनी, राजीव चौधरी, अरुण सिंह एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे संकट के इस घड़ी में खडी है और उसके लिए लडाई लडती रहेंगी ।



# घुनघुटी में अवैध रूप से 230 पेटी बियर पकड़ी गई





घुनघुटी

घुनघुटी मे परिवहन की जा रही 230पेटी बियर पकड़ी गई बियर परिवहन करने वाले वाहन में कोई भी कागज न मिलने पर वाहन जप्त कर लिया गया है ड्राइवर से पूछताछ पर कोई सही जवाब न देने पर भी एस पी द्वारा वाहन चालक समेत पुलिस चौकी मे जप्त वाहन खड़ा कर दिया गया है आगे कि कार्यवाही की जा रही है

### अनेक सुदूर सड़क निर्माण को स्वीकृत करने भेजा पत्र

सिलौड़ी

बड़वारा विधायक विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सिलौंडी मंडल में प्रवास में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी और आम जनता की मांग पर सिलौंडी मंडल में अनेक सुदूर सड़क स्वीकृत हेतु जिला पंचायत सी ओ कटनी को पत्र लिखा है । गोपालपुर - हरदुआ से सनकुई (1.5 किमी, 20 लाख) खंदवारा - झकाझोर से सारंगपुर सगोया मार्ग तक (1.5 किमी, 20 लाख), खंदवारा - किरहा जलाशय सारंगपुर से मुख्य मार्ग तक (1.5 किमी, 20 लाख) सिमरिया - मुख्य मार्ग से महेन्द्र पटेल की घर की ओर (1.5 किमी, 20 लाख), खमतर्रा - खमतर्रा से

## घुनघुटी में मिडिल स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया



घुनघुटी

घुनघुटी के मिडिल स्कूल कक्षा 6.7.8 मे स्कूल मे बच्चों को तिलक लगाकर स्कूल में नैनिहालो का स्वागत किया गया एवं पुस्तको का वितरण किया गया प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अशोक नायक पंच मुकेश शिवहरे शिक्षक शनत मिश्रा अमर पटेल अर्चना सिंह सरस्वती सिंह संजय डोहरे चन्द्र पाल अहिरवार व समस्त स्टाफ

## अभी भी रुका है नाले का प्रवाह जल गंगा संवर्धन अभियान की जल स्रोतों की नहीं ले रहा कोई सुध



### कागजों में चल रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

ब्यौहारी।

नगर परिषद के अंतर्गत शहडोल मार्ग पर रेलवे तिराहा के आगे ब्रिज के पास ब्रिज कंपनी द्वारा पटरी में बिछाने के लिए बड़े-बड़े कंक्रीट के स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं स्ट्रक्चर बनाए जाने के लिए नाले के पास की भूमि की जा रही है कंपनी द्वारा अपने फायदे के लिए नाले के प्रवाह को पूरी तरह से रोक दिया गया है जबकि कंपनी को ऐसी व्यवस्था बनाने चाहिए कि नाले का प्रवाह ना रुके लेकिन लगातार हो रहे कंपनी के कार्य से नाले के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है कंपनी द्वारा नाले के आगे और पीछे तरफ काफी मिट्टी पाठ दी गई है जिससे पानी आगे नहीं निकल पा रहा है क्षेत्र के लोगों ने रेलवे प्रशासन से कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

#### इनका कहना है

निर्माण कंपनी द्वारा नाले का प्रवाह को यदि अभी भी बाधित किया गया है तो कंपनी को बोलकर उसको चालू करवाया जायेगा।

**आर एल मीणा सेक्सन इंजीनियर रेल्वे स्टेशन ब्यौहारी**

## 9 अप्रैल की महारैली: रेलवे मजदूर कांग्रेस ने कसी कमर, शहडोल में हुई विशेष बैठक




शहडोल।

आगामी 9 अप्रैल 2026 को बिलासपुर में आयोजित होने वाले एनएफआईआर (NFIR) के विशाल अधिवेशन और महारैली की तैयारियों को लेकर 'साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस' सक्रिय हो गई है। इसी सिलसिले में 31 मार्च को शहडोल शाखा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

#### तैयारियों का जायजा और कार्य विभाजन

मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष डी.के.स्वाइन, जोनल महामंत्री पीताम्बर लक्ष्मीनारायण एवं बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में सीआईसी प्रभारी व जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव विशेष रूप से शहडोल पहुंचे। बैठक के दौरान उन्होंने आगामी महारैली की रणनीति साझा की और शहडोल शाखा के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

#### जिले से शामिल होंगे 150 रेल कर्मचारी

बैठक में तय किया गया कि 9 अप्रैल की इस विशाल रैली में शहडोल से 150 रेल कर्मचारियों का जत्था शामिल होने बिलासपुर जाएगा। जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने सभी पदाधिकारियों के बीच कार्य का विभाजन किया और रैली को सफल बनाने हेतु जिम्मेदारियां सौंपीं।

#### बैठक में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

शाखा कार्यालय में आयोजित इस बैठक में रेलवे मजदूर कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे:शाखा संरक्षकः एच.आर. शर्मा,शाखा अध्यक्षः प्रभाष कुमार, शाखा सचिवः बालकृष्ण बंगारी ,कार्यकारी अध्यक्षः हरीश कुमार सिंहउपाध्यक्षः दीपक बाक्ची ,सहायक सचिवः दीवाकर तिवारी, इसके साथ ही राम मिलन यादव, विनोद कुमार सिंह, राहुल कुमार, वरुण सरकार,ओमकार बर्मन, संतू कुमार, रामनरेश दहिया, अनील दीक्षित, वसीम अख्तर, मानू गुप्ता और गौरव सहित अन्य कार्यकर्ता व रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

## महावीर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



ब्यौहारी।

**नगर परिषद के अंतर्गत झंडा मंदिर के पास से नगर भ्रमण करते हुए वार्ड नंबर 8 में स्थित जैन मंदिर की परिक्रमा कर वापस वार्ड नंबर 15 झंडा मंदिर में शोभायात्रा समाप्त हुई शोभा यात्रा में जैन समाज की महिला पुरुष एवं बच्चे सम्मिलित हुए ।**

## वंश बहादुर सिंह को दी गई भव्य विदाई



ब्यौहारी

पंडित राम किशोर शुक्ला शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की लेखपाल का विदाई समारोह 30 मार्च को बहुत ही भव्य तरीके से आयोजित हुआ कार्यक्रम में वंश बहादुर सिंह अपनी विदाई समारोह में परिवार सहित पहुंचे उनके एक पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं। मंचासीन अतिथियों डां आर के तिवारी प्राचार्य , प्रदीप सिंह अधिवक्ता, राजकुमार शर्मा अधिवक्ताः आए हुए अतिथियों द्वारा लेखपाल को उपहार भेंट किया कई वक्ताओं ने उनके कार्य को सारा वंश बहादुर सिंह का कार्यकाल निर्विवाद रहा और वह हमेशा सब को लेकर के चले. आए हुए प्रमुख अतिथियों एवं पत्रकारों का साल एवं श्रीफल से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डां संजय गुप्ता द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, डॉ मोहित वर्मा, पप्पू साकेत पूर्व पार्षद,: डॉ ओम चौबे, शिव बहादुर सिंह, हरिशंकर कोरी , डां अशोक तिवारी, सूर्यभान यादव पत्रकार, हीरालाल साहू, डां अंबे सिंह, रितिक गौतम, रितेश श्रीवास्तव, राजेंद्र बैश्य , सहित गणमान्य नागरिक कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

## डोगरिया पहाड़ी पर सिद्ध बाबा धाम में हनुमान जन्मोत्सव आज, 11 मुखी हनुमान के दर्शन को उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़



**अमलाई।** नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 05 स्थित डोगरिया पहाड़ी पर विराजमान सिद्ध बाबा धाम में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र मध्य प्रदेश में विरले माने जाने वाले 11 मुखी हनुमान जी महाराज की प्रतिमा रहेगी, जिनके दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्तों के पहुंचने की संभावना है।प्राकृतिक सौंदर्य से घिरी पहाड़ी पर स्थित यह धार्मिक स्थल वर्षों से श्रद्धा का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां पूर्व से सिद्ध बाबा का मंदिर स्थापित है, जहां महाशिवरात्रि, नाग पंचमी सहित विभिन्न पर्वों पर मेले और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होता रहा है। अब 11 मुखी हनुमान जी की स्थापना के बाद इस स्थान का धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया है।जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहाड़ी तक पहुंचने के लिए भक्तों की सुविधा हेतु सीढ़ियों और मार्ग की व्यवस्था भी की गई है।आयोजकों का मानना है कि हनुमान जी की कृपा से यह स्थल आने वाले समय में एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से दर्शन करने पर सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भीड़ को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## व्हाट्सएप पर वायरल स्थानांतरण आवेदन से गरमाई सियासत, किरगी पंचायत में बढ़ा विवाद

# जनता की मांग किरगी पंचायत में आय व्यय और दुकानों की बिक्री हो निष्पक्ष जांच

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुष्पराजगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत किरगी में सरपंच/सचिव विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। सचिव फूलचंद का स्थानांतरण आवेदन व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। इससे न केवल पंचायत की आंतरिक राजनीति गरमा गई है, बल्कि ग्रामीणों के बीच भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। जिले के पुष्पराजगढ़ मुख्यालय का ग्राम पंचायत किरगी में लंबे समय से चल रहा सरपंच और सचिव के बीच विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। हाल ही में पंचायत सचिव फूलचंद द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए गए स्थानांतरण आवेदन की प्रति सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया है। इस घटनाक्रम के बाद ग्रामीणों के बीच यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है या फिर किसी दबाव की रणनीति के तहत इसे सार्वजनिक किया गया है। पहले से ही पंचायत में तालमेल की कमी को लेकर स्थिति संवेदनशील बनी हुई थी,



लेकिन अब इस वायरल आवेदन ने विवाद को और गहरा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के विवादों का सीधा असर पंचायत के विकास कार्यों पर पड़ रहा है। कई योजनाएं प्रभावित हो रही हैं और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्यवाही पर टिकी हुई हैं।

### वायरल आवेदन से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

सचिव फूलचंद का स्थानांतरण आवेदन जैसे ही व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक हलचल मच गई है। ग्रामीणों के बीच इस बात को लेकर चर्चा तेज हो गई कि आखिरकार 2 बार सचिव ने स्वयं से लिखित आवेदन स्वयं ही सार्वजनिक करते सचिव फूलचंद नजर आए है। कई लोग इसे सुनियोजित रणनीति मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे महज संयोग बता रहे हैं। इस घटनाक्रम ने पंचायत की आंतरिक राजनीति को खुलकर सामने ला दिया है। अब यह मुद्दा केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सियासी रंग भी लेता जा रहा है।

### सरपंच/सचिव के बीच पुराने विवाद ने पकड़ा तूल

किरगी पंचायत में सरपंच और सचिव के बीच पहले से ही तालमेल की कमी की बात सामने आती रही है। दोनों के बीच कार्यों को लेकर मतभेद लंबे समय से चल रहे हैं। अब स्थानांतरण आवेदन के सार्वजनिक होने से यह विवाद और खुलकर सामने आ गया है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते इस विवाद का समाधान नहीं किया गया तो पंचायत के कामकाज पर और नकारात्मक असर पड़ेगा।

### कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, पुराने मामलों की चर्चा

ग्रामीणों के एक वर्ग ने सचिव की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि पूर्व में भी पंचायत के कई कार्यों में अनियमितताएं सामने आई थीं। यहां तक कि कार्यवाही होने की चर्चाएं भी सामने आई हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन गांव में इसको लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। इससे पंचायत की छवि प्रभावित हो रही है और लोगों का विश्वास भी कमजोर पड़ता दिख रहा है। वहीं दूसरा वर्ग पंचायत में बनी दुकानों को मनमानी तरीके से बेचने का आरोप भी लगा रही है जिसमें सरपंच सचिव के बीच लेनदेन के मामले को लेकर तनातनी होना कारण चर्चा का विषय बन हुआ है।

### निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग तेज

पूरे घटनाक्रम के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सचिव और सरपंच के बीच विवाद के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, तो प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और सरपंच सचिव के कार्यकाल में हुए पूरे आय व्यय और दुकानों की बिक्री के मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। कई ग्रामीणों ने यह भी सुझाव दिया है कि स्थिति को सामान्य करने के लिए सचिव का स्थानांतरण कर नई नियुक्ति की जानी चाहिए अब सभी की नजरें जनपद पंचायत प्रशासन की आगामी कार्यवाही पर टिकी हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### शिवसैनिकों ने क्रूरता पूर्वक मवेशियों से भरी पिकअप पकड़ी



अनूपपुर। कोयलांचल क्षेत्र मे पशु तस्करी का मामला फिर सामने आने लगा है अभी एक दिन पूर्व पुलिस ने सात नग मवेशियों से भरे पिकअप वाहन को पकडा था लेकिन तस्कर नही मिले थे ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया जब जिले के कोयलांचल क्षेत्र के थाना भालूमाड़ा अंतर्गत बुधवार की रात्रि ग्रामीणों के द्वारा शिवसेना शहडोल संभाग अध्यक्ष पवन पटेल को सूचना दी गई कि प्रतिदिन गौ तस्करों के द्वारा लपटा से मवेशियों को पिकअप में लोड कर फुनगा की ओर ले जाया है तभी पवन पटेल एवं उनकी टीम के द्वारा बुधवार की रात 11 बजे के लगभग चांदपुर महोदा वाले रस्ते में मवेशियों से भरी पिकअप को घेरा बंदी कर पिकअप ड्राइवर द्वारा पिकअप को शिवसैनिकों ने तितरी पोड़ी गांव में एक पिकअप वाहन पकड़ा जिसमें 4 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक बांधा गया था। पुलिस को भी सूचना दी गई पुलिस ने पिकअप वाहन को बहुत तेज गति में तितरी पौड़ी जमुना मार्ग में पुलिया के पास पिकअप को खेत में घुस कर मवेशी एवं पिकअप को छोड़कर पिकअप ड्राइवर भाग जाता है तभी पवन पटेल के द्वारा भालूमाड़ा थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी जाती है और मवेशियों से भरे पिकअप को भालूमाड़ा पुलिस को सौंप कार्यवाही की मांग की गई। कार्यवाही में बरकत कुरैशी, हिमांशु पासी, विनय कुमार कोल, किशन चौधरी, समीर कोल, राहुल कोल, कुलदीप जयसवाल, विवेक गुप्ता, भूपेंद्र रावत, महेंद्र यादव एवं सैकड़ों शिवसेनिक मुख्य रूप से उमस्थित रहे।

### पीएम श्री हाई स्कूल भालूमाड़ा में प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन



भालूमाड़ा। राज्य शासन के निर्देशानुसार अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लिए नवीन शिक्षण सत्र एक अप्रैल को सभी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन किए जाने के दिशा निर्देश पर पीएम श्री हाई स्कूल भालूमाडा में भी प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रामअवध सिंह नगर पालिका अध्यक्ष पसान कार्यक्रम की अध्यक्षता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी अतिथि, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो, उप यंत्री उमेश त्रिपाठी, पार्षद इंद्रलाल केवट, पार्षद दीपक यादव, अजय यादव, समाजसेवी सुरेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रवेश उत्सव के संबंध में शिक्षक सतीश सिंह ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में लगभग 300 छात्रों के नामांकन का लक्ष्य रखा गया है नवीन शिक्षण सत्र में कलेक्टर के दिशा निर्देश पर प्रवेश उत्सव में नव प्रवेशी छात्रों का स्वागत एवं "स्कूल चले हम" अभियान के अंतर्गत हमारे स्कूल के शिक्षकों द्वारा घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन किया जा रहा है शिक्षा विभाग द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि सत्र के प्रारंभ में छात्रों को निशुल्क किताबों का वितरण किया जाए साथ ही पीएम श्री स्कूल में भी प्री प्राइमरी कक्षाओं नर्सरी हेतु तीन से पांच वर्ष आयु के बच्चों को चिन्हित कर प्रवेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा कक्षा एक से नौ तक के उन छात्रों को सम्मानित किया गया जो अपने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए थे वहीं प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस दो बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुस्तक देकर किया गया।

### अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में बिजली कर्मचारियों/श्रमिकों का धरना प्रदर्शन आज

अनूपपुर। मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ एवं अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर चलाये जा रहे चरणवद्ध आंदोलन के तहत कल अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के मुख्य द्वार के सामने प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया हैं, जिसमें कर्मचारियों - श्रमिकों की जायज मांगों के संबंध में लिखित मौखिक निवेदन के उपरांत निराकरण नहीं होने के कारण प्रदेश स्तर पर लिए गए निर्णय के आधार पर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया गया है। जिसमें प्रमुख मांगे 'संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगति का निराकरण, वन टाइम गृह जिला स्थानांतरण नीति लागू करना, आउटसोर्स (ठेके पर कार्यरत) श्रमिकों को हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश की तर्ज पर निगम मंडल की स्थापना करना, विद्युत पेंशनरों की पेंशन भुगतान राज्य कर्मचारियों की तरह कोषालय के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था कराने, मंडल के समय से नियुक्त मीटर रीडरों का संविलियन, साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर्मचारियों को कनिष्ठ अभियंता के पद पर नियुक्त करने आदि मांगों के साथ सभी वर्गों के कर्मचारीयों की मांगे रखी गई है।

# गुटखा बाजार में खुली लूट विभाग बना मूकदर्शक

### राजश्री, पहेली, सिग्नेचर प्रिंट रेट से ऊपर बिक्री

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में गुटखा बाजार इन दिनों पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। राजश्री, पहेली और सिग्नेचर जैसे लोकप्रिय ब्रांड प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर खुलेआम बेचे जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को मजबूरी में महंगा सामान खरीदना पड़ रहा है, जबकि नापतौल विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है। स्टॉकिस्ट और फुटकर विक्रेताओं की मिलीभगत से यह अवैध वसूली लगातार बढ़ती जा रही है। अनूपपुर सहित पूरे प्रदेश में गुटखा बाजार में अव्यवस्था और मनमानी चरम पर पहुंच गई है। राजश्री, पहेली और सिग्नेचर जैसे ब्रांड्स की कीमतों में प्रिंट रेट से ऊपर खुली वसूली की जा रही है। पहले बजट का बहाना बनाया गया और अब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों व युद्ध जैसी स्थितियों का हवाला देकर कीमतें बढ़ाई जा रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में कई स्टॉकिस्ट अपने-अपने गोदामों में माल का कृत्रिम अभाव दिखाकर ब्लैक मार्केटिंग कर रहे हैं। इसका सीधा असर छोटे दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। फुटकर दुकानदार खुद महंगे दामों में माल खरीदने को मजबूर हैं, जिससे वे भी उपभोक्ताओं से अधिक कीमत वसूल रहे हैं। 10 रुपये का गुटखा 15 में, 20 का 25 में और 40 का 45 में बिक रहा है। वहीं सिग्नेचर जैसे उत्पादों में भी भारी अंतर देखा जा रहा है। कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि किसी भी पैकेज्ड वस्तु को अधिकतम खुदरा मूल्य से ऊपर बेचना दंडनीय अपराध है, लेकिन जिले में नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता से गुटखा माफिया के हौसले बुलंद हैं।

### स्टॉकिस्ट बना रहे कृत्रिम कमी का माहौल

अनूपपुर जिले में गुटखा कारोबार पर स्टॉकिस्टों का दबदबा साफ दिखाई दे रहा है। आरोप है कि




बड़े थोक व्यापारी अपने-अपने गोदामों में पर्याप्त मात्रा में माल जमा करके कृत्रिम कमी का माहौल बना रहे हैं। बाजार में जानबूझकर सप्लाई सीमित रखी जा रही है, ताकि कीमतें बढ़ाई जा सकें। इस रणनीति के चलते फुटकर दुकानदारों को महंगे दामों में माल खरीदना पड़ रहा है। जब थोक स्तर पर ही कीमतें बढ़ जाती हैं, तो खुदरा बाजार में इसका सीधा असर दिखाई देता है। उपभोक्ता इस खेल को समझ भी रहे हैं, लेकिन मजबूरी के चलते वे ज्यादा कीमत देने को विवश हैं।

### फुटकर दुकानदार भी बने मजबूरी में भागीदार

छोटे दुकानदार इस पूरे खेल में सीधे तौर पर दोषी नजर आते हैं, लेकिन हकीकत में वे भी इस सिस्टम के शिकार हैं। जब उन्हें स्टॉकिस्ट से ही अधिक कीमत पर माल मिलता है, तो वे अपनी लागत निकालने और मुनाफा जोड़ने के लिए ग्राहकों से ज्यादा पैसे वसूलते हैं। कई दुकानदारों का कहना है कि यदि वे प्रिंट रेट पर सामान बेचें तो उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। इस कारण वे भी इस अवैध चक्र का हिस्सा बनते जा रहे हैं। हालांकि इससे आम उपभोक्ता की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है।

### नियम-कानून सिर्फ कागजों तक सीमित

विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 के तहत किसी भी वस्तु को एमआरपी से अधिक कीमत पर बेचना गैरकानूनी है। इसके बावजूद अनूपपुर में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। धारा 36 के तहत ऐसे मामलों में जुर्माना और सजा का प्रावधान है, लेकिन इसका कोई असर जमीन पर नजर नहीं आता। निरीक्षण और कार्रवाई के अभाव में व्यापारी बेखौफ होकर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कानून की मौजूदगी के बावजूद उसका पालन न होना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है।

### विभागीय चुप्पी पर उठ रहे सवाल

नापतौल विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की भूमिका इस पूरे मामले में संदिग्ध नजर आ रही है। इतनी बड़ी स्तर पर हो रही गड़बड़ी के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आम लोगों में यह चर्चा है कि विभागीय स्तर पर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। कार्रवाई न होने से माफिया के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो यह अवैध कारोबार और फैल सकता है। प्रशासन की चुप्पी लोगों के बीच अविश्वास पैदा कर रही है।

### उपभोक्ताओं की मजबूरी बना माफिया का हथियार

गुटखा उपभोक्ताओं की लत ही इस पूरे खेल की सबसे बड़ी वजह बन रही है। माफिया को पता है कि उपभोक्ता अपनी आदत के कारण ज्यादा कीमत देने को मजबूर होगा और शिकायत करने नहीं जाएगा। इसी मनोविज्ञान का फायदा उठाकर खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत यह स्पष्ट रूप से अनुचित व्यापार व्यवहार है, लेकिन शिकायतों के अभाव में कार्रवाई नहीं हो पाती। जरूरत है जागरूकता बढ़ाने और सख्त प्रशासनिक कदम उठाने की, ताकि इस लूट पर लगाम लग सके।

# हनुमान मंदिर का द्वार सजकर तैयार आज मनाएंगे जन्मोत्सव का त्यौहार

### मंदिरों में की गई आकर्षक सजावट, आज दिन भर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला मुख्यालय अनुपपुर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित आसपास के क्षेत्र में हनुमान जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। जगह-जगह मंदिरों में आकर्षक सजावट की जा रही है श्रृंगार, सुंदरकांड पाठ, हवन, पूजन और बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा, भंडारा प्रसादी का भी आयोजन है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज के दिन जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 01 में स्थित प्राचीन श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य कार्यक्रम किया जा रहा है। इस उत्सव के लिए लोगो ने कई दिनों से दिन-रात लगकर तैयारी को अंतिम रूप तक पहुंचाया हैं। आज हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के समस्त धार्मिक, सामाजिक, लोगो के साथ ही एक बड़ी संख्या में पुरुषों तथा माता बहनों की भीड़ एकत्रित होकर उक्त आयोजन को सफल बनाएगी। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष 02 अप्रैल को आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर में भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन होने जा रहा है। साथ ही यह भव्य उत्सव आज के दिन श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। जहां जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियो सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा नगर के वरिष्ठ सामाजिक एवं धार्मिक नागरिक गण उपस्थित रहेंगे।

### शोभा यात्रा के साथ होंगे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

भव्य आयोजन में अनूपपुर जिले के अलावा आसपास में स्थित गांव के हजारों श्रद्धालु शामिल होकर शोभा यात्रा की भव्यता को और भी बढ़ा देते है। जिसमें मनमोहक झांकियां, साज सज्जा के साथ भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिलेगी। इस दौरान देश भर से आए कलाकार अपने प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति मय बनाएंगे। इस भव्य कार्यक्रम में पूरा अनूपपुर शामिल रहेगा। इस महा आयोजन को देखते हुए पूरे अनूपपुर में विशेष तैयारी की जा रही है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। प्रातः 9.00 बजे विशेष पूजा 12 बजे से भंडारा और शाम 4 बजे से भव्य शोभा यात्रा, संध्या आरती का आयोजन, राम कथा, हनुमान चालीसा आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

### जिले भर में हर्षोल्लास का माहौल

हनुमान जन्मोत्सव में जिले में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भक्त इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, ताकि वे इस भव्य आयोजन के साक्षी बन सके। जिले के लिए यह आयोजन धार्मिक और संस्कृत दृष्टि से मिल का पत्थर साबित होगा। शिव मारुति युवा संगठन अनूपपुर द्वारा निवेदन किया गया है कि यह जानकारी अनूपपुर तथा आसपास के क्षेत्र तक पहुंचाएं और शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई हैं।

### श्री रजहा धाम में भी हर्षोल्लास के साथ मनेगा जन्मोत्सव

श्री रजहा धाम हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रजहा धाम हनुमान मंदिर में बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ भगवान हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर प्रातः पूजा अर्चना, दोपहर अनूपपुर बस्ती नगर भ्रमण शोभा यात्रा, शाम विशाल भंडारा एवं संध्या भजन का आयोजन किया जाना है। श्री रजहा धाम हनुमान मंदिर समिति आप सभी नगर के गणमान्य नागरिक, हनुमान भक्त, धर्म प्रेमियों से निवेदन करती है कि मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान हनुमान जी महाराज का दर्शन लाभ प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

# पवित्र नगरी अमरकंटक में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव, नव सत्र का हुआ शुभारंभ



### चंदन-तिलक, पुष्प व सरस्वती पूजन के साथ छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत

**अमरकंटक।** बुधवार 1 अप्रैल को नए शिक्षण सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस को विद्यालयों में प्रवेशोत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय एवं अशासकीय निजी विद्यालयों में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का पारंपरिक एवं धार्मिक वातावरण में स्वागत किया गया। विद्यालयों में बच्चों को चंदन-तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर तथा विद्यादायिनी मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ प्रवेश दिलाया गया। इस दौरान अभिभावकगण भी उत्साहपूर्वक अपने बच्चों को विद्यालय लेकर पहुंचे, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय में लगभग 34 नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें चंदन-तिलक लगाकर पुष्प भेंट किए गए तथा पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अनुज मिश्रा सहित शिक्षक जितेंद्र तिवारी, तृप्ति पकवासा, उषा पांडे, खुशबू गुप्ता, उषा मुराली, कुसुम बांधव, कुलदीप बघेल (जन शिक्षक) एवं आंचल दास उपस्थित रहे। कन्या पूर्व माध्यमिक आश्रम शाला अमरकंटक में भी नए सत्र के शुभारंभ पर पांच छात्राओं मानवी, वैभवी, हर्षित, मुस्कान एवं राधिका का धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत कर प्रवेश दिलाया गया। इस दौरान शिक्षक संतोष सोनवानी, मिथिलेश खैरवार, राजाराम रौतेल, सुखदेव परस्ते एवं मानसी सोनी उपस्थित रहे। प्राथमिक शाला बांध (वार्ड क्रमांक 5) में दो नव प्रवेशित छात्रों को उत्साहपूर्ण वातावरण में प्रवेश दिलाया गया, जहां शिक्षक समर्थित पंद्राम ने बच्चों का स्वागत किया। वहीं, सरस्वती शिशु विद्यालय एवं सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में लगभग 20 नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को मां सरस्वती की विधिवत पूजा, आरती एवं हवन के साथ प्रवेशित किया गया। बच्चों को चंदन-तिलक लगाकर पुष्प भेंट किए गए और आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रोहित लाल त्रिपाठी सहित आचार्य लखन द्विवेदी, शिव सागर तिवारी, भरत चंद्रवंशी, रामप्रसाद, अनुराधा सिंह, सुनीता पटेल, तुलसीदास नामदेव एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इसी प्रकार नगर के अन्य माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में भी प्रातः 11 बजे विधिवत प्रवेशोत्सव आयोजित कर छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका सीमा सिंह, सत्यभामा पांडे, राममिलन सिंह परस्ते एवं संजय पड़वार सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। पूरे अमरकंटक क्षेत्र में प्रवेशोत्सव के दौरान आनंद, उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला, जिसने नव शैक्षणिक सत्र की शुभ शुरुआत को यादगार बना दिया।

# अनूपपुर रेलवे जंक्शन में दर्दनाक हादसा

## ओवरब्रिज के अभाव में महिला की मौत, रेलवे पर उठे गंभीर सवाल



**अनूपपुर।** अनूपपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसे ने रेलवे की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्लेटफॉर्म बदलने के दौरान पटरी पार कर रही एक महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, हमीदा बेगम (47 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 10 ग्राम पंचायत जमुडी, थाना अनूपपुर, प्रयागराज जाने के लिए टिकट लेकर प्लेटफॉर्म नंबर 1 से प्लेटफॉर्म नंबर 3/4 की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पटरी पार करते समय वह अचानक मालगाड़ी की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद रेलवे पुलिस ने उन्हें जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन पर लंबे समय से पर्याप्त और सुरक्षित ओवरब्रिज की मांग की जा रही है। टिकट घर के पास स्थित पुराना पैदल पुल पहले ही तोड़ा जा चुका है, जबकि नया पुल निर्माणाधीन है और कार्य की गति बेहद धीमी बताई जा रही है। इसी कारण यात्रियों को मजबूरी में जान जोखिम में डालकर पटरी पार करनी पड़ती है। इस घटना ने रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ओवरब्रिज का निर्माण पूरा हो जाता या अस्थायी सुरक्षित व्यवस्था की जाती, तो इस तरह की दुर्घटना टाली जा सकती थी। मौके पर तैनात आरपीएफ और जीआरपी की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। यात्रियों को पटरी पार करने से रोकने के लिए पर्याप्त सख्ती नहीं बरती जा रही, जिससे ऐसे हादसे बार-बार हो रहे हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने मांग की है किः टिकट घर के पास जल्द से जल्द नया ओवरब्रिज बनाया जाए निर्माण पूरा होने तक वैकल्पिक सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया जाए यह हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि व्यवस्थागत लापरवाही का परिणाम माना जा रहा है। अब देखना होगा कि रेलवे प्रशासन इस गंभीर घटना के बाद कितनी तेजी से सुधारात्मक कदम उठाता है।

